राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बाजपुर
मैनुअल–1 संगठन के कृत्य, कार्य और उत्तरदायित्व

कार्यालय का नाम–राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बाजपुर, ऊधम सिंह नगर

कार्यालय का कार्य/उददेश्य : –

उत्तराखण्ड के कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग के अन्तर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बाजपुर के संस्थान में प्रशासनिक, वित्तीय एवं शैक्षणिक कार्यों का संचालन किया जाता है।

1– राजकीय औद्यांगिक प्रशिक्षण संस्थान बाजपुर– संस्थान के अन्तर्गत निम्नांकित महत्वपूर्ण कार्यों का सम्पादन किया जाता हैं–

क– संस्थान में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सेवा संबंधी पत्रावलियों का रखरखाव एवं सेवा संबंधी कार्यवाही करना।

ख–प्रशिक्षण की गुंणवत्ता का निरीक्षण एवं उद्योगों से समन्वय– संस्थान में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षार्थियों की तकनीकी गुणवत्ता में वृद्धि हेतु समय–समय पर संस्थानं का निरीक्षण एवं डीएसटी Duel System of Training एवं ओजेटी On the job Training हेतु उद्योग प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर उन्हें डीएसटी एवं ओजेटी हेतु तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करना एवं प्रशिक्षणार्थियों को गुणवत्तापूर्ण व्यावसायिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक प्रशासनिक सहयोग प्रदान करना।

ग–योजनाओं का क्रियान्वयन– प्रशिक्षण हित में चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु निदेशालय/संयुक्त निदेशक (प्रशि0/शिशिक्षु) कार्यालय से प्राप्त महत्वपूर्ण दिशा–निर्देशों का अनुपालन करना ।

घ– संस्थान के समस्त कार्यों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में सहयोग प्रदान करना एवं शासकीय धनराशि एवं संस्थान की संपत्ति का नियमानुसार उपयोग एवं संरक्षण करना।

2–सेवायोजन एवं रोजगार सृजन कार्य–

क– राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षार्थियों को नोडल संस्थान/ अधीनस्थ संस्थानों में आयोजित होने वाले रोजगार मेलों, अप्रैन्टिस के माध्यम से प्रशिक्षार्थियों को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में योजित करने हेतु समन्वय स्थापित करना।

3–कौशल विकास योजनाऐं

क–अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम–UKSDM तथा अन्य राज्य/केद्रपोषित योजनाओं के अन्तर्गत युवाओं के लिये आयोजित किये जाने वाले अल्पकालीक कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना।

ख–स्वरोगजार एवं मार्गदर्शन–युवाओं को विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं, करियर काउंसलिंग और अप्रैन्टिशिप के अवसरों से जोड़ने के लिये जागरूकता कार्यक्रम चलाना।

4–प्रशासनिक व नीतिगत कार्य–

क– निदेशालय एवं संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण/शिशिक्षु) कुमाऊँ मण्डल कार्यालय से समन्वय– प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय तथा संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण/शिशिक्षु) कुमाऊँ मण्डल कार्यालय से प्राप्त दिशा–निर्देशों का जनपद में अनुपानल सुनिश्चित करवाना।

ख–समीक्षा बैठकें–जनपद स्तर पर आयोजित होने वाली समीक्षा बैठकों में प्रतिभाग करना तथा विभागीय प्रगति आख्या का बैठकों में प्रकटीकरण करना।